तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर, 2025
पानीपत-करनाल



12 गुरु के बिना ज्ञान और जीवन दोनों अधूरे





12 भगवान वामन के हिंडोलों पर ड्रोन से हुई फूलों की...




# Bal Bhavan International School

LEGACY OF 55 YEARS

## BOARDING HOUSE AT BAL BHAVAN

ADMISSION OPEN
APPLY NOW

- Homely stay for boarders
- Hostel from Grade-1 onwards
- Separate Accommodation for Boys & Girls
- Dormitory bedding system with dedicated warden in each dormitory
- Healthy and Hygienic Kitchenette/Cuisine
- Clean & sanitize washroom and bathing area











### CAMPUS LIFE:

- Full time care and supervision with Dormitory Wardens
- Centralized Air-conditioned rooms
- In- house Laundry Services
- Retreat common room with TV
- Airy Gymnasium
- Separate Tutorial Rooms
- Tech Room facility
- Tutorial Classes by Subject Experts
- Regular Performance Analysis by Residential Faculty
- Personality Development classes



### WEEKEND ACTIVITIES:

- Sports Matches
- Yoga & Meditation
- Language Enhancement classes by Experts
- Recreational activities
- Talks by Mentors/ Parents/ Guests
- Interactive sessions with Head Residences
- Movie Nights

N.H.-1 G.T. ROAD, GANNAUR,
DISTT. SONIPAT, HARYANA-131101

info@bbisgannaur.com
www.bbisgannaur.com

+91-88148-12301
+91-88148-12302

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका ने चलाया हरियाणा स्वच्छता अभियान

**तरावड़ी।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार और नगर पालिका तरावड़ी सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार शहर तरावड़ी में स्वच्छ हरियाणा अभियान 2025 के तहत हरियाणा शहर स्वच्छता कैंपेन 2025 की शुरुआत 24 अगस्त से शुरू हो चुकी है । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में विभिन्न प्रकार की स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां चलकर शहर के लोगों का ध्यान स्वच्छता के प्रति आकर्षित करना है।

### श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की कथा आठ से

**करनाल।** श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से आठ सितंबर से 14 सितंबर तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। विश्व विख्यात कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज पहली बार करनाल आकर श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। यह आयोजन सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंटस बैंक्वेट हॉल में होगा। कथा प्रतिदिन सायं चार से सात बजे तक होगी, जबकि समापन दिवस 14 सितंबर को कथा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चलेगी।

### भीष्म लाइब्रेरी में स्वच्छता के लिए प्रेरित किया

**घरौंडा।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत पूरे देश में 7 नवम्बर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नगर पालिका घरौंडा को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया।गुरुवार को सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में स्वच्छता अभियान की आईईसी टीम द्वारा लाइब्रेरी पाठकों को कूड़ा निस्तारण की जानकारी दी।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नीलोखेड़ी/करनाल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में किसानों को बाजार और प्रसंस्करण उद्योगों से जोड़ने विषय पर चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब विस्तार अधिकारी बिचौलियों की भूमिका कम करें।

### पराग गाबा ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**करनाल।** कांग्रेस पार्टी के शहरी अध्यक्ष पराग गाबा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय करनाल में शुक्रवार को विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस से जुड़े सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती और विस्तार पर विचार करना था। पराग गाबा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की असली ताकत है।

### जीएसटी दरों में कमी से लोगों का फायदा : आनंद

**करनाल।** करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने हाल ही में संपन्न हुई 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया और इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों का सरलीकरण कर अब प्रमुख दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू की गई हैं। इससे कर प्रणाली सरल होगी और आम जनता, किसानों, उद्योगों एवं व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### गणित सोचने व तर्क करने की कला सिखाता है : एडीसी

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने शिक्षक दिवस पर शिक्षा विभाग की ओर से जिला परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गणित पजल बुकलेट का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणित केवल गणना का विषय नहीं, बल्कि यह सोचने, तर्क करने और समस्याओं का समाधान खोजने की कला सिखाता है।

घरौंडा ऑडिटोरियम में आयोजित किया शिक्षक दिवस समारोह

# शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार भी दें शिक्षकः हरविन्द्र कल्याण





### हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

घरौंडा उपमंडल के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शिरकत की। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। इसके साथ-साथ दसवीं कक्षा में सौ फीसदी परिणाम वाले स्कूलों और बच्चों की विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया। उन्होंने आडिटोरियम के प्रथम तल पर बनाए गए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रख्यात शिक्षाविद व भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन होने के कारण आज के दिन का विशेष महत्व है।

#### आज के बच्चे कल का भविष्य

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है। इस कार्य में शिक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है ताकि बड़े होकर ये भी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने का साकार करने में योगदान कर सकें। उन्होंने कहा कि भले ही प्रौद्योगिकी निरंतर विकास कर रही हो लेकिन शिक्षकों की भूमिका कभी कम नहीं होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक बड़ी चुनौती है। फायदों के साथ-साथ इसके साइड इफेक्टस से इंकार नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के स्कूल और बेहतर कैसे बनें, इसके लिए भी योजना बनानी है। उन बच्चों की भी मिलकर मदद करनी है जिन्हें संसाधनों के अभाव में पढ़ाई जारी रखने में परेशानी आ रही है।

#### विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इससे पहले क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कचरा प्रबंधन, प्रदूषण, आर्गेनिक फार्मिंग, ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर प्रस्तुत मॉडल्स की सराहना की। कहा कि यह ग्लोबल वार्मिंग का ही असर है कि कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन और कहीं अधिक बारिश का प्रकोप लोगों को झेलना पड़ रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

#### ये सम्मानित

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सौ फीसदी परिणाम वाले जीएसएसएस गगसीना, कुताना, खोरा खेड़ी, अलीपुर खालसा, जीएचएस बीजना, जीजीएचएस गगसीना, जीएचएस हसनपुर, शेखपुरा खालसा और जीजीएचएस स्टौंडी को सम्मानित किया। इसके अलावा बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों - सुषमा रानी, पूजा कौशिक, राजेश कुमार, बीना, आशा हसीजा, मीनाक्षी, हरी ओम, ज्योति, विकास को भी सम्मानित किया।

# विद्यार्थियों को जीवन में गुरु का महत्व बताया

- शिक्षक दिवस पर गूंजा संदेश: गुरु ही हैं जीवन के असली मार्गदर्शक





हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

शिक्षक दिवस के खास अवसर पर वंडर वेली आईटीआई बड़ा गांव करनाल के प्रबंधक श्री नरेश कुमार गुप्ता ने अपने प्रेरक संदेश में शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन को सही दिशा देने वाले दीपस्तंभ हैं, जो हमें केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं बल्कि संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की शिक्षा भी देते हैं। नरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि माता-पिता हमें जन्म तो देते हैं, लेकिन जीवन को सार्थक बनाने का कार्य शिक्षक करते हैं। वे विद्यार्थियों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही युवाओं को इस योग्य बनाते हैं कि वे डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सीईओ या समाजसेवी बनकर देश और समाज का गौरव बढ़ा सकें। उन्होंने संदेश में कहा – "शिक्षक हमारे जीवन का अनमोल रत्न हैं, जो अंधेरे में भी उजाला कर सही रास्ता दिखाते हैं। हम जो कुछ भी हैं, वह अपने शिक्षकों की बदौलत हैं। इसलिए, शिक्षकों का सम्मान करना जरूरी है।

#### शिक्षक देश के भविष्य के निर्माता : सविता गुप्ता

*इसी अवसर पर हरियाणा मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सविता गुप्ता ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि "शिक्षक केवल अध्यापक नहीं होते, वे राष्ट्र के निर्माता होते हैं। यदि समाज को मजबूत बनाना है तो सबसे पहले शिक्षकों को सशक्त करना होगा। एक सच्चा शिक्षक विद्यार्थियों में केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी भी जगाता है। आज के दिन हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने शिक्षकों का आदर करेंगे और उनकी शिक्षा को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे।"*

### जीएसटी दरों में संशोधन केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णयः रामकुमार कश्यप

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में संशोधन करना एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही महंगाई से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में संशोधन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल से लोकल विचार को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। विधायक ने बताया कि जीएसटी की अब केवल दो दरें 5 और 18 प्रतिशत रह जाने से महंगाई काफी हद तक कम हो जाएगी। यह निर्णय 22 सितंबर यानी नवरात्र के पहले दिन से लागू होगा।

### योगाचार्य नवीन संदूजा को किया सम्मानित

## योग कक्षा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

- कार्यक्रम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



हमारा मिशन स्वस्थ भारत की टीम ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर मानव सेवा संघ के प्रांगण में विशेष समारोह का आयोजन किया। समारोह में योग शिष्यों ने अपने गुरु योगाचार्य नवीन संदूजा को पुष्पमालाओं से सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। शिष्यों ने कहा कि श्री संदूजा का सहयोगी और प्रेरणादायी व्यवहार उन्हें न केवल योग साधना में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करता है। उनके मार्गदर्शन से वे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हैं। इस अवसर पर योगाचार्य नवीन संदूजा ने कहा कि शिक्षक दिवस महान शिक्षाविद और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है।

डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा के क्षेत्र में भारत को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं और शिक्षक को समाज में सर्वोच्च स्थान दिलाया। समारोह में बड़ी संख्या में योग शिष्य—मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, सुनीता आनंद, कविता चौबे, उमा पसरीचा, कमल चोपड़ा, राजू मदान, सनी आहूजा, कीमती मान, जितेन्द्र पसरीचा, अशोक, विकास शर्मा, बंटी सहगल आदि मौजूद रहे।

### पूर्व छात्र सम्मेलन सात सितम्बर को

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती कुरूक्षेत्र संकुल का पूर्व छात्र सम्मेलन 7 सितम्बर को श्री मद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश गुप्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र संकुल के 9 विद्यालय जिसमें श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गीता सह शिक्षा, छोटा बाजार, बाल घर, नितिन बाली गीता निकेतन सुंदर पुर, गीता निकेतन मोहन नगर, गीता निकेतन विद्या मंदिर सैक्टर 3 व रिपुदमन गीता विद्या मंदिर बाबैन के पूर्व छात्र इस सम्मेलन में हिस्सा लेगें। इस कार्यक्रम का आयोजन इन पूर्व छात्रों को उनके विद्यालयों की यादों को सांझा करना व उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना है। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में विजय नड्डा, क्षेत्र संगठन मंत्री, विद्या भारती व कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक पूर्व छात्र परिषद व संजय चौधरी, क्षेत्र संयोजक करेगें।

## कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ देश के 40 श्रेष्ठ शिक्षकों में चयनित

दिल्ली में होगा विशेष सम्मान समारोह, करनाल के लिए गौरव का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

शिक्षक दिवस के अवसर पर करनाल के लिए गर्व की बात है कि दून इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक एवं शिक्षाविद कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ का चयन देश के 40 श्रेष्ठ शिक्षकों की सूची में हुआ है। उन्हें नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिसमें देशभर से शिक्षाविद् और गणमान्य लोग शामिल होंगे।



इस राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया में पूरे देश से 36,770 नामांकन आए थे।

इनमें से केवल 40 शिक्षकों को शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान के आधार पर चुना गया। चयन तीन सदस्यीय जूरी – जस्टिस अनिरुद्ध बोस (पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय), प्रो. हिमांशु राय (निदेशक, आईआईएम इंदौर) और अरुण चौहान (राष्ट्रीय दैनिक के मुख्य संपादक) – द्वारा किया गया।

#### विद्यार्थियों, अभिभावकों को सम्मान : बाठ

*"यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे विद्यार्थियों, अभिभावकों और करनाल के पूरे शिक्षक समुदाय का सम्मान है। मैंने सदैव मूल्य-आधारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया है। यह सम्मान मुझे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।"*

#### शिक्षा और समाजसेवा में अहम योगदान

*बाठ ने वंचित बच्चों तक शिक्षा पहुँचाने के लिए झोपड़पट्टियों में निःशुल्क कक्षाएँ चलवाईं और पुस्तकों व सामग्री की व्यवस्था की। उन्होंने करनाल जेल में बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था शुरू कराई, जिसे बाद में हरियाणा सरकार और फिर केंद्र सरकार ने देशभर की जेलों तक लागू किया।*



### चिकित्सकों की टीम ने खंगाले मेडिकल स्टोर

**तरावड़ी।** डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी की देखरेख में एक निरीक्षण टीम गठित की गई। इस टीम में डाक्टर चांद ,संजय हेल्थ इंस्पेक्टर , मोमिन फार्मेसी ऑफिसर ,तमन्ना काउंसलर अमित ओ टी ए शामिल थे । शुक्रवार को डाक्टरों की निरीक्षण टीम द्वारा गांव पधाना में मेडिकल स्टोर व आरएमपी को चेक किया गया । क्योंकि गांव पधाना का सेक्स रेश्यो बहुत कम हो रहा है । इसे प्रतीत होता है कि गांव में खुले मेडिकल स्टोर व आरएमपी के द्वारा कोई न कोई गर्भपात की दवाई दी जा रही है । इसलिए निरीक्षण टीम द्वारा गांव पधाना का दौरा किया गया। जिसमें तीन मेडिकल स्टोर की जांच की गई।

## छात्राओं ने शिक्षकों को सराहा

- कुमारी विद्यावती डीएवी महिला महाविद्यालय में अध्यापक दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

**करनाल।** कुमारी विद्यावती डीएवी महिला महाविद्यालय में युवा एवं सांस्कृतिक समिति तथा पुस्तकालय विभाग की ओर से अध्यापक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में जुराफिशा ने खान व निशा शर्मा ने पहला स्थान, जिया ने दूसरा तथा खुशी व जैसमीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

#### डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दी श्रद्धांजलि

*महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मीनू शर्मा ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके आदर्श और शिक्षाएँ आज भी शिक्षा जगत के लिए पथ प्रदर्शक हैं। इस मौके पर युवा सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. अंजू नरवाल, सह-संयोजिका डॉ. ईशा प्राशर, पुस्तकालय विभाग की संयोजिका डॉ. मोनिका सैनी, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सुषमा ठाकुर, डॉ. संगीता गौरांग व सुनीत भंडारी भी मौजूद रहीं।*



### ठेका प्रथा के विरोध में सोनीपत से निकली यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

हरियाणा कौशल रोज़गार निगम द्वारा करीब 750 सफाई कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के विरोध में निकाली जा रही ठेका प्रथा महाआंदोलन यात्रा का नीलोखेड़ी में करनाल कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध ने गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. वैध ने बताया कि यह पद यात्रा सोनीपत से शुरू हुई है और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के चंडीगढ़ स्थित आवास तक अपनी आवाज पहुँचाने के उद्देश्य से जा रहे हैं।

#### सरकार गंभीर नहीं

उन्होंने कहा कि सरकार को इन कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, क्योंकि यह केवल कुछ लोगों की लड़ाई नहीं है, बल्कि मेहनतकश वर्ग के भविष्य से जुड़ा मसला है।इस यात्रा में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि ठेका प्रथा और हरियाणा कौशल रोजगार निगम की अस्थायी नीतियों के कारण वे नौकरी से हाथ धो बैठे हैं। उनका कहना है कि ठेका प्रथा के तहत कर्मचारियों को नियमित नौकरी की सुरक्षा नहीं मिलती। उन्हें न्यूनतम वेतन, स्वास्थ्य सुविधाएं और भविष्य निधि जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा जाता है।

शिक्षक दिवस पर जिले में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन, गुरुजनों को किया सम्मानित

## गुरु के प्रति समर्पण का संदेश, प्रताप पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर लघु नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष लघु नाटिका एकलव्य की गुरु भक्ति का मंचन किया गया। इस नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य परंपरा की अमर गाथा को जीवंत किया और गुरु का स्थान सदा सर्वोच्च बताया व नाटिका में विद्यार्थियों ने बड़े ही भावपूर्ण अभिनय के द्वारा यह दिखाया, कि किस प्रकार एकलव्य ने अपने गुरु द्रोणाचार्य के प्रति गहरी श्रद्धा और समर्पण भाव प्रदर्शित किया। इस प्रस्तुति ने सभी दर्शकों के मन को गहराई से स्पर्श किया और विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी।




तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते हुये स्कूल स्टाफ व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### परिषद ने शिक्षकों को सम्मानित किया



**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह मनाया गया । जिसमें तरावडी के दस स्कूलो के सभी प्रधानाचार्यों को स्वर्गीय श्री सतपाल गोयल की स्मृति में 521 चावल के निर्माता पंकज गोयल द्वारा एक प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सभी को सम्मानित किया गया । यह सम्मान परिषद द्वारा हर साल शिक्षक दिवस के दिन किया जाता है। यह कार्यक्रम एसएमएस पब्लिक स्कूल के प्रागंण मे आयोजित किया गया। अंत में स्कूल के डायरेक्टर गुरुशरण ग्रेवाल सभी



### गीता मॉडर्न में शिक्षकों ने केक काटा

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने शिक्षकों के लिए सुंदर टाइटल्स और उपहार तैयार किए, और एक भव्य केक कटिंग समारोह का आयोजन किया। प्रधानाचार्या रागिनी राय और प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और उनके योगदान की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों के लिए विशेष भोजन और उपहार की व्यवस्था की, जो उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक था। इस अवसर पर शिक्षकों रिंकी, सपना, राजबीर, पुनिता, पायल और प्रियंका को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### गांव बुआना लाखू के स्कूल में जलभराव

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू में कई दिनों की बारिश के चलते गांव में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। वहीं, गांव के चारों ओर पानी ही पानी में गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण के साथ कमरों में दो दो फुट पानी जमा होने के कारण स्कूली विद्यार्थियों की पढ़ाई बंधित हो रहीं। जबकि गांव बिजावा, शाहपुर, कैत, बांध, जौनध, कालखा, सुताना, औसर के चारों ओर भी बारिश का पानी खड़ा है।

### उद्यमिता अवेयरनैस पर वर्कशाप आयोजित

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांव मडलौडा में सेंट्रल टूल रूम नीलोखेड़ी द्वारा विद्यार्थियों को उद्यमिता अवेयरनैस पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में सचिन एवं अभय शर्मा ने बताया कि दस सैंट्रल टूल रूम द्वारा चलाये गये ट्रेंनिग कोर्स द्वारा तकनीकि ज्ञान एवं सीएनसी मशीनों के संचालन में दक्षता आती है। वर्कशाप में प्रधानाचार्य रंजना शर्मा, दिनेश, सुरेश, पुष्पा सोनू सोमदत्त ने भाग लिया।

### जिला अदालत में राम दरबार का पूजन किया

**पानीपत।** जिला अदालत, पानीपत परिसर में राम दरबार की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बार एसोसिएशन पानीपत के प्रधान श्री सुरेन्द्र दुहान के साथ शेर सिंह खर्ब, तेजबीर खर्ब, करतार, रितेश शर्मा, वीरेंद्र मलिक सहित अधिवक्ता विधि-विधान का अभिन्न हिस्सा बने और मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा करवाई।

### आयुक्त एवं सचिव ने समीक्षा की

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव सीजी रजनी कान्थन ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों व उपस्थित अधिकारियों से समाधान शिविर में दर्ज समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण करने को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप, इसराना एसडीएम नवदीप नैन, सीईओ डॉ. किरण, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ डॉ. विजय मलिक आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी के साथ दो सालों तक दुष्कर्म

**पानीपत।** तेरह वर्षीय किशोरी के साथ किरायेदार ने दो सालों तक दुष्कर्म किया। वहीं लगातार दुष्कर्म होने से पीड़िता डिप्रेशन में आ गई। किशोरी ने डिप्रेशन की 35 गोलियां खा ली। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। लड़की को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसने काउंसिलिंग के दौरान डॉक्टर को आपबीती बताई। इधर, लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में सूरज सिंह राजपूत नामक युवक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 17 वर्षीय किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के मतलौडा क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। वहीं लड़की के पिता ने अपने ही गांव के दो युवाओं पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। इधर, पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों पर केस दर्ज कर आरोपियों व लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

---

## राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर आर्य बाल भारती स्कूल में अध्यापकों को किया सम्मानित

# ईश्वरीय कार्य है बच्चों का शिक्षित करनाः आर्य

रणदीप आर्य ने कहा कि हरियाणा के शिक्षकों ने केवल किताबी ज्ञान बांटने तक अपने को सीमित नहीं रखा बल्कि संस्कारों के माध्यम से जीवन को आदर्श बनाने वाले गुणों को खुद भी जीआ और बच्चों को भी उसी सांचे में ढालने का भरपूर प्रयास किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में टीचर्स को सम्मानित करते हुए प्रधान रणदीप आर्य।

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। जबकि आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओमदत्त आर्य एवं कोषाध्यक्ष महताब मलिक विशिष्ट अतिथि रहे। प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

वहीं, विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जबकि रणदीप आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षकों का सबसे अधिक सम्मान है। समाज को सही दिशा देने की सबसे अधिक उम्मीद शिक्षकों से ही है।

सत्य सनातन वैदिक परम्परा से लेकर आज की आधुनिक शिक्षा तक देश और समाज को आगे ले जाने की जिम्मेदारी आज भी शिक्षकों के कंधों पर ही है। हरियाणा के शिक्षकों ने केवल किताबी ज्ञान बांटने तक अपने को सीमित नहीं रखा बल्कि संस्कारों के माध्यम से जीवन को आदर्श बनाने वाले गुणों को खुद भी जीआ और बच्चों को भी उसी सांचे में ढालने का भरपूर प्रयास किया है। वहीं शिक्षित करना ईश्वरीय कार्य है। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### छात्रों को संस्कारी बनाएं

**पानीपत।** वन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस सम्मान के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेन्द्र दुहन रहे। जबकि सुनील कंसल, राजेश भारद्वाज, आशिमा कौशिक, दयानंद खुंगर, ज्ञानगंज संस्थान के प्रधान राजेश शांडिल्य, ओम दत्त आर्य आदि उपस्थित रहे।

### एमपीएस में टीचर डे मनाया

**पानीपत।** नूरवाला की मोती राम कालोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल में टीचर डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रिंसिपल राजेन्द्र पाल ने बताया कि मां-पिता हमें जन्म देते हैं वहीं, सही गलत का फर्क शिक्षक ही हमें सिखाते है। जिससे हमारा चरित्र निर्माण तो होता ही है, साथ ही साथ सही मार्ग दर्शन भी मिलता है। इस अवसर पर मधुबाला, सागर, पूजा, अनुसुधा, भूमिका, ममता, सिमरन, आरती, रोशनी आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक बोधराज सम्मानित

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर, थिराना में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह में राजकीय प्राथमिक पाठशाला वार्ड-10 ,रानी महल में सेवारत जेबीटी शिक्षक बोधराज को कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कैबनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सम्मानित किया।

### शिक्षक दिवस मनाया

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर समारोह में छात्रों ने गुरुजनों के प्रति अपनी-अपनी कविताओं के माध्यम से आभार व्यक्त किया। वहीं, विद्यालय की हेड गर्ल सानवी गौतम ने अध्यापक दिवस पर शिक्षकों के लिए खेलों का आयोजन किया। प्रधानाचार्या डा. बबीता भारद्वाज ने सब अध्यापकों को बधाइयां दीं। मंच संचालन कक्षा नौवीं की छात्राओं गुणिका ठकराल व सारिशा ने किया।



**पानीपत।** सत्यम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाते हुए शिक्षाविद् पूजा शर्मा व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों की आरती उतार कर किया सम्मानित

**पानीपत।** गांव जलालपुर प्रथम के सत्यम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों की आरती उतारते हुए फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया और हमेशा गुरूजनों के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं, स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। जबकि मंच का संचालन प्रबंधक सत्यवान शर्मा ने किया। वहीं विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। मौके पर प्रियंका लाकडा, स्वीटी, बीना, सपना, साधिका, शालू, क्षमा, काजल, रेनू, मोनू रावल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आर्य स्कूल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सोमनाथ सचदेवा, टीचर्स को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समाज के प्रहरी है अध्यापकः डॉ .सचदेवा

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, डॉ सचदेवा ने विद्यालय के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण की सराहना की। डॉ सचदेवा ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि मूल्यों और संस्कारों को भी अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। डॉ. सचदेवा ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान वीरेंद्र आर्य, प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान, प्राचार्य मनीष घनघस आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज प्राचार्या की डॉ. शशि प्रभा मलिक को सम्मानित करते हुए अथितिगण। फोटो : हरिभूमि

### आईबीएल शैक्षणिक समिति ने शिक्षकों को सम्मानित किया

**पानीपत।** आईबीएल शैक्षणिक समिति ने शुक्रवार को आईबी पीजी कॉलेज के सभागार में शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन किया। समिति के प्रधान धर्मबीर बत्रा, उपप्रधान परमवीर ढींगरा, सचिव रवि गोसाईं, रमेश नागपाल कोषाध्यक्ष प्रबन्ध समिति के उपप्रधान बलराम नंदवानी, महासचिव एलएन मिगलानी, सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, अरुण बत्रा, अशोक मिगलानी, राजेश नागपाल, चंद्रशेखर, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, आईबी विद्यालय की प्रधानाचार्य जयश्री गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के द्वारा आरम्भ किया गया। वहीं, अतिथिगण को तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया। जबकि अतिथियों ने टीचर्स को सम्मानित किया।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की सर्वोच्च भूमिकाः डॉ. अनुपम

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा को फूल भेंट करती छात्राएं।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में शिक्षक दिवस के अवसर पर शानदार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा और प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया और केक काटे। इधर, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कॉलेज के शिक्षकों को सम्मानित करते हुए मिठाई खिला कर बधाई दी। जबकि विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। दूसरी ओर, दिनेश गोयल प्रधान ने अपने सन्देश में कहा कि शिक्षक राष्ट्र की उन्नति व विकास में रीड की हड्डी है। शिक्षक ही अपने विद्यार्थियों में समाज के संस्कार पोषित करता है व उन्हें चरित्रवान बनाता है। जबकि प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बताया कि शिक्षा व शिक्षक की बदौलत भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। वहीं शिक्षक की भूमिका बहुउद्देशीय है। शिक्षकों को विद्यार्थी के मेंटर, विद्यार्थी के प्रेरणा स्त्रोत, विद्यार्थी के मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता व विद्यार्थी का कल्याण, विद्यार्थी के प्रति स्नेह की भावना से एक संपूर्ण भूमिका निभानी होती है। आधुनिक पीढ़ी को इस और सजग होना पड़ेगा। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से कोई समझौता नहीं कर सकता क्योंकि वह राष्ट्रीय हित से समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत निर्माण हेतु युवा की अपेक्षित भूमिका है। कौशल विकास से रोजगार सृजन कर युवा स्वयं को आत्मनिर्भर बनाता है।

### गुरु शिष्य दिवस मनाया

**पानीपत।** भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता, सहायक शाखा प्रबंधक मयंक गुप्ता व रविंद्र कुमार तथा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विकास अधिकारियों, बीमा सखियों व अभिकर्ताओं की उपस्थिति में गुरु शिष्य दिवस व एलआईसी का 69वां स्थापना दिवस मनाया। मौके पर मनोहर अरोड़ा नूरवाला, मनोहर लाल अरोड़ा, अशोक चावला, संजीत, बृजपाल, प्रीति पांडे, आरती वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, काजल, रेखा, पूजा अरोड़ा, पूजा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## कुरीतियों के त्याग करने से ही आत्मा परित्र होती हैः जैन

- जैन मंदिरों में दसलक्षण पर्व का नौवां दिवस उत्तम आंकिचन धर्म के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में भजन गाते हुए श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में जैन धर्म के सबसे पवित्र दसलक्षण पर्व का नौवां दिवस उत्तम आंकिचन धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर जी में श्री शांति विधान हुआ।

सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा की। दूसरी ओर, सचिव मनोज जैन ने बताया कि श्री शांतिनाथ विधान जैन धर्म का सबसे अतिशय कार्य विधान माना जाता है इसमें 16वें तीर्थंकर श्री 1008 शांतिनाथ भगवान की आराधना की गई है। वहीं, प्रधान सुनील जैन ने बताया कि भाद्रमाह शुक्ल त्रयोदशी को दिगंबर जैन समाज के दसलक्षण पर्व का नौवां दिन आंकिचन धर्म के रूप में मनाया जाता है। आंकिचन हमें जमीन, घर, चांदी, सोना, धन, अन्न, महिला नौकर, पुरुष नौकर, कपडे और संसाधन आदि का मोह त्यागने व अपनी इच्छाओं पर काबू रखने का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि गुस्सा, घमंड, कपट, लालच, मजाक, पसंद, नापसंद, डर, शोक, वासना आदि कुरीतियों को त्यागने से ही इंसान की आत्मा शुद्ध होती है। प्रबंधक पुनीत जैन ने बताया कि शनिवार को श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जैन मोहल्ला से दोपहर में भव्य जल यात्रा का आयोजन होगा, जिसमें रजत कलश धारण कर इंद्र बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा।

## देश के विकास में बाधा है सामाजिक कुरीतियांः रणदीप

- आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन में संगीतमय वेद कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन में वेद कथा का शुभारंभ करते हुए अथितिगण।

आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खैल बाजार द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय संगीतमय वेद कथा का शुभारंभ श्रेष्ठ कर्म यज्ञ द्वारा समाज के ब्रह्म आचार्य बृज किशोर शास्त्री ने वैदिक मंत्रों से कराया। वहीं, यज्ञ के मुख्य यजमान कुणाल आर्य सुपुत्र रणदीप आर्य ने अपने जन्मदिन के खास दिन को हवन करके मनाया। जबकि वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शास्त्री इस विशेष अवसर पर वेद के कुछ मंत्रों से उन्हें आशीर्वचन दिया तत्पश्चात ध्वजारोहण सुमित्रा अहलावत ने किया। उसके बाद संगीतमय वेद कथा का प्रारम्भ अंबाला से विशेष रूप से आमंत्रित बहन श्वेता आर्य ने अपने भजनों से सबको आनंदित कर दिया। मुख्य अतिथियों का स्वागत समाज के पदाधिकारियों ने ओम की मोती माला से किया। इस अवसर पर प्रधान राजेश आहूजा, कार्यकर्ता प्रधान बलराज एलावाधी, मंत्री सुनील बत्रा, उप-प्रधान अशोक वर्मा ,ललित वर्मा के साथ महेंद्र ढींगरा, राजेश आर्य, मनोहर लाल आहूजा, आत्म आर्य, हरचरण दास अरोड़ा, मास्टर जगदीश, आदित्य डावर, जगदीश सखूजा, राजीव आर्य, कमलेश लीखा, कमलेश कथूरिया, मोनिका डावर, कविता भाटिया, राज भाटिया, शबनम वर्मा, लक्ष्मी बत्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आर्य कॉलेज में कैंसर के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य कॉलेज में शुक्रवार को वुमन डेवलपमेंट सेल एवं फोर्टिस अस्पताल, शालीमार बाग, दिल्ली की कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विनीता गोयल ने स्तन कैंसर जागरूकता विषय पर आयोजित सेमिनार में छात्राओं एवं महिलाओं में स्तन कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव और समय पर इलाज की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर आर्य कॉलेज की वुमन डेवलपमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. मीनल तालस, डॉ. शिखा गर्ग, डॉ. सुदेश, प्रिया गुप्ता, सुमन सिंगला, गजल, रेखा, खुशबू, शिवानी, अंकिता, लता, अंजू शर्मा, काजल, नेहा आदि उपस्थित रहे।

## किन्नर समाज ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा



**समालखा।** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजते हुए किन्नर समाज प्रमुख हाजी साधना। फोटो : हरिभूमि

पंजाब में बाढ़ का प्रकोप है। वहीं बाढ़ से लाखों नागरिक प्रभावित है। वहीं, पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए किन्नर समाज पानीपत की प्रमुख हाजी साधना ने पांच सौ गद्दे तथा पांच सौ चादरें, पंजाब भेजी है। साधना ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है, बाढ़ व तेज बारिश से लगातार तबाही हो रही है। प्रकृति की मार से झेल रहे पंजाब निवासियों के लिए समाज का हर वर्ग मदद के लिए आगे आया है। उन्होंने नागरिकों से बाढ़ पीड़ितों की सामर्थ के अनुसार मदद करने की अपील की है। इधर, पूर्व मेयर अवनीत कौर ने हाजी साधना के साथ साथ बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए किन्नर समाज की सरहाना की है। दूसरी ओर, पानीपत जिला के विभिन्न गांवों में भी किसान राहत सामग्री एकत्र कर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भिजवा रहे है।

### सीआईए टू ने अनिल हत्याकांड में चार को किया गिरफ्तार

**इसराना।** गांव कारद निवासी अनिल पुत्र रामफल की हत्या रंजिशन की गई थी। वहीं सीआईए टू ने अनिल की हत्या के आरोप में गांव परढाना निवासी कन्हैया, सोनीपत के छतैहरा गांव निवासी राधे श्याम, बुसाना गांव निवासी साहिल व नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना इसराना में मृतक अनिल के पिता रामफल की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज है। वहीं आरोपियों को कोर्ट से पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**विनय पाल पुत्र स्वर्गीय श्री सतीश चन्द्र निवासी मकान नम्बर 516-एल. माडल टाउन, पानीपत**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विनय पाल पुत्र स्वर्गीय श्री सतीश चन्द्र निवासी मकान नम्बर 516-एल, माडल टाउन, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री सतीश चन्द्र पुत्र श्री जीवन दास दिनांक 19-03-2020 को स्वर्गवास हो चुके हैं। प्रार्थी की माता श्रीमती राज रानी धर्मपत्नी श्री सतीश चन्द्र दिनांक 15-12-2022 को स्वर्गवास हो चुकी है प्रार्थी की दादी श्रीमती जमना बाई का देहान्त प्रार्थी के पिता से काफी अरसे पहले हो चुका है। मृतक स्वर्गीय सतीश चन्द्र के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1- विजय कुमारी पुत्री 2- यशपाल पुत्र 3 विनय पाल पुत्र 4 पूनम मेहता पुत्री है। राजकुमार नम्बरदार व लेखराज पटवारी हल्का द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज़ हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 05.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## कष्ट निवारण समिति बैठक में आठ शिकायतों का किया निपटारा

# जनता को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकताः बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों का निवारण करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार न्याय को लेकर हमेशा गम्भीर रही है। कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो भी शिकायतें पहुंचती है उनको गम्भीरता से सुनकर प्रशासन के सहयोग से समाधान किया जाता है। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 13 शिकायतों में से सुनवाई करते हुए मंत्री ने 8 शिकायतों का मौके पर निदान किया व 5 अन्य शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लम्बित रखा। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कैबिनेट मंत्री को आश्वस्त किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को लेकर हमेशा गम्भीर रहे हैं व उनका प्रयास रहा है कि न्याय में किसी भी तरह की कौताही ना बरती जाए।

### स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं नागरिकः बेदी

**पानीपत।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने भाजपा तहसील कैंप मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा के निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जयदीप अरोड़ा, हरीश कटारिया, हुक्म चंद मेहता, पंकज खुरसिजा, राजेश बत्रा, जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, रेशमा राजपूत, इंदु कुकरेजा आदि उपस्थित रहे।

### चोरी के आरोपी पकड़े

**इसराना।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चोरी के आरोपी सोनीपत के महमदपुर गांव निवासी संजय व सुनील और करनाल के मोधीपुर गांव निवासी सचिन को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए टू के प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना इसराना में जौंधन निवासी रमेश पुत्र अमर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आरोपियों ने थाना इसराना क्षेत्र में ट्यूबवेल की मोटर व केबल चोरी की चार अन्य वारदातों करना स्वीकारा है।

### चोरों ने दो सूने घरों को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों व मंदिर को निशाना बनाकर नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। रादौर पुलिस को दी शिकायत में गांव चिरसमी निवासी भविष्य ने बताया कि उनका मंडी गेट के पास वीआईपी कॉलोनी में घर है। यहां से चोरों ने एक सितंबर का रात गीजर, सिलेंडर, ट्रैक्टर की बैटरी, ग्रेंडर, बिजली के तार चोरी कर लिए। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। घर पहुंचने के बाद चोरी का पता चला। अपने स्तर पर जांच करने पर पाया कि असलम, जुनैद व अन्य ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को नामजद कर अन्य पर मामला दर्ज कर लिया। उधर, गांव छोटाबांस निवासी ज्ञानचंद ने बताया कि चोरों ने तीन सितंबर की रात को उनके घर से तीन छत के पंखे, पांच हजार नकदी, दो सोने की चेन चोरी कर ली। गए। घटना के समय घर पर कोई नहीं था।

वार्डों की संख्या भी 2 से तीन की, राज्य सरकार की और से जारी की नोटिफिकेशन

# नगर निगम चुनाव के लिए बीस वार्ड तय, अनुसूचित जाति की जनसंख्या 33 हजार घटाई, वार्ड भी पांच से तीन किए, पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा गजट नोटिफिकेशन के जरिए अंबाला नगर निगम के प्रस्तावित चुनाव को लेकर वार्डों का निर्धारण कर दिया है। निगम एरिया में फिर कुल 20 वार्ड ही निर्धारित किए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव, विकास गुप्ता की ओर से जारी गजट नोटिफैकेशन हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 11(8) और हरियाणा नगर निगम वार्ड परिसीमन नियमावली, 1994 के नियम 3 के तहह प्रकाशित किया गया है।

**खास बातें**

- निगम एरिया में कुल 20 वार्ड ही निर्धारित किए
- नोटिफिकेशन से निगम के प्रस्तावित चुनाव को लेकर वार्डों का निर्धारण

## मतदाता सूचियों को अपडेट करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी

### सभी वार्डों की नए सिरे से वार्डबंदी की जाएगी

नोटिफिकेशन में 7 वार्ड महिलाओं के लिए, 3 वार्ड अनुसूचित जाति ( एससी) के लिए जिनमें एक अनुसूचित जाति महिला के लिए, 2 वार्ड पिछड़ा वर्ग- (बीसी) - ए, जिनमें 1 इस वर्ग की महिला के लिए , 1 वार्ड पिछड़ा वर्ग ( बीसी) बी के लिए जो इस वर्ग की महिला के लिए ही आरक्षित होगा। शेष 7 वार्ड अनारक्षित होंगे अर्थात उनमें किसी भी वर्ग से योग्य व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। नगर निगम कानून के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि अब अंबाला नगर निगम के अगले चुनाव के लिए कुल वार्डों और आरक्षित वार्ड की संख्या निर्धारित होने के बाद अब शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा ताजा परिसीमन अर्थात सभी 20 वार्डों की नए सिरे से वार्डबंदी की जाएगी। उसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अपडेट करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी जिसमें एक से दो महीने का समय लगेगा। यह प्रक्रिया संपन्न होने के बाद शहरी निकाय विभाग द्वारा ड्रा से निर्धारित किया जाएगा कि 20 वार्डों में से कौन कौन सा वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा। यह भी तय होगा कि मेयर का पद भी किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा अथवा अनारक्षित होगा। उसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव की घोषणा होगी। 2018 से प्रदेश में नगर निगम मेयर का प्रत्यक्ष चुनाव होता है।



अंबाला। नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य। फोटो: हरिभूमि

### जनसंख्या 2 लाख 71 हजार 68 दर्शाई

ताजा नोटिफिकेशन के अनुसार अंबाला नगर निगम की कुल जनसंख्या 2 लाख 71 हजार 68 दर्शाई गई है। इसमें पिछड़ा वर्ग- ए की जनसंख्या 57 हजार 629 जबकि पिछड़ा वर्ग- बी की जनसंख्या 13 हजार 743 बताई गई। जबकि अनुसूचित जाति की जनसंख्या 36 हजार 210 दर्शाई गई है। बता दें कि 5 वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2020 को अंबाला नगर निगम के लिए जब कुल वार्डों की संख्या 20 निर्धारित की गई थी तब भी 7 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित थे। इसके अलावा तब हालांकि 5 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए ( जिनमें 2 अनुसूचित जाति महिला के लिए) आरक्षित थे जबकि 2 वार्ड पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित किए गए थे। उस समय नगर निगम की कुल जनसंख्या 3 लाख 3 हजार 850 थी जिसमें से अनुसूचित जाति की जनसंख्या 71 हजार 940 दर्शायी गई थी।

### नोटिफिकेशन जारी

इस प्रकार अंबाला नगर निगम के आगामी आम चुनाव हेतु ताजा जारी नोटिफिकेशन अनुसार में अनुसूचित जाति की आबादी 33 हजार घटने का दावा किया गया। इस कारण अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्ड भी 5 से घटकर 3 हो गए हैं। पिछड़ा वर्ग के लिए 2 से बढ़कर 3 हो गए हैं। इसी प्रकार नगर निगम के लिए कानूनन आवश्यक 3 लाख की जनसंख्या से भी अंबाला नगर निगम की ताजा आधिकारिक जनसंख्या करीब 29 हजार कम है। इसमें कानूनी पेच फंस सकता है।

## खबर संक्षेप




### गुरु के बिना ज्ञान और जीवन दोनों अधूरे

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं द्वितीय राष्ट्रपति ''डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन'' की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। शिक्षक दिवस समारोह में गुरु-शिष्य परंपरा की पवित्रता का बखान किया गया। चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, डॉ. इंदु विज, ब्रह्माकुमारी चेतना दीदी व सरिता दीदी मौजूद रहे।

### जमीन मंहगी कीमत में बिकवाने वाले दो दबोचे

**अंबाला।** पुलिस ने ऐसे दो आरोपियों को काबू किया किया जोकि लोगों को सस्ती कीमत पर जमीन दिलवाकर उसे महंगे दाम पर बिकवाने का लालच दे रहे थे। पुलिस की आार्थिक अपराध शाखा ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना शहजादपुर के एक मामले में ठगों ने जमीन खरीद-फरोख्त के लालच में एक व्यक्ति को फंसाकर उससे 35 लाख धोखाधड़ी से हड़प लिए।

### स्नेचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार उर्फ प्रिंस व हरविंद्र सिंह उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता मनोज शाह ने 12 जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 जुलाई को बस स्टैंड गरनाला के पास स्थित दुकान से लड़कों ने गल्ले से नकद राशि निकालकर उससे मोबाइल छीन लिया है।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलि ने आरोपी कुशपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी मंजीत कुमार ने 18 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 मार्च 2024 से 30 मई 2024 के दौरान आरोपी कुशपाल सिंह व अन्य ने उसकी बेटी को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## उपायुक्त ने मौके का किया निरीक्षण, अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

# संगरानी के पास रुण नदी में भूमि कटाव की रिपेयर प्रारंभ की, तैयार किया जा रहा स्टड

*पीडबल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता से उपमंडल की सड़कों एवं पुलों की स्थिति की जानकारी ली*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को गांव संगरानी का दौरा किया। यहां उन्होंने रूण नदी से गांव के पास हुए कटाव का जायजा लेने के साथ ही लगाए जा रहे स्टड (रेत के बैग) के कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरपंच व ग्रामवासियों से भी बातचीत की। कहा कि इस स्थान पर स्टेनिंग पत्थरों की दीवार बनवाने के कार्य में ग्रामीण सहयोग करें जिससे कि नदी के किनारे भूमि कटाव की स्थाई तौर पर प्रबंध हो सके। एसडीएम शिवजीत भारती ने उपायुक्त को बताया कि जिस दिन इस नदी में कटाव हुआ था उस दिन ग्रामीणों को सर्तक कर दिया गया था। सिंचाई विभाग को निर्देश देकर यहां पर रेत के कट्टे लगाकर रोकथाम का कार्य शुरू करवाया गया था। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग की एसडीओ शिखा बंसल से नदी में इस समय चल रहे पानी के बहाव की जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि इस समय नदी में लगभग 1200 क्यूसिक पानी प्रवाहित हो रहा है। 1 सितम्बर को जब कटाव हुआ था तो उस समय 36 हजार क्यूसिक पानी था। डीसी ने ने लघु सचिवालय में उपमण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में पिछले कुछ दिनों में रुक-रुक कर हुई वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों एवं नदियों से हुए भूमि कटाव की समीक्षा की गई। उन्होंने पीडबल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता से उपमंडल की सडक़ों एवं पुलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वर्षा से जिन सडक़ों में गड्ढे हो गए, उन्हें भरने का कार्य करें। इससे कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी से भी सडक़ों के हालात की जानकारी लेकर कहा कि जो सडक़ें पानी से खराब हुई है उन्हें ठीक करवाने एवं गड्ढों को भरवाने के निर्देश दिए।

**इस समय नदी में लगभग 1200 क्यूसिक पानी प्रवाहित हो रहा**


नारायणगढ़। संगरानी में रूण नदी से हुए भूमि कटाव का निरीक्षण करते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए

उन्होंने एनएचएआई के अधिकारी को निर्देश दिए कि शहजादपुर में फ्लाई ओवर के पास और पतरेहड़ी में जहां भी एनएचएआई की रोड़ के कारण पानी का जमाव या पानी की निकासी में बाधा आती है उसकी निकासी के भी प्रबंध करवाए जाएं। उन्होंने नगरपालिका सचिव व बीडीपीओज को निर्देश दिए कि वर्षा के उपरांत जल-जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु फोगिंग करवाई जाए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

मौके पर डीएसपी सूरज चावला, नायब तहसीलदार संजीव अत्री, बीडीपीओं जोगेश कुमारव शबनम रेलन, कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग अनिल चौहान, पीडबूल्यडी विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित मलिक, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा, नगरपालिका सचिव मोहित कुमार, एसडीओ विकास बंसल, एसडीओ शिखा बंसल, एसडीओ वीरेंद्र, एसीओ दलबीर सिहं, एसडीओ अर्जुन सिंह, एसडीओ डॉ. नरेश, सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### कंट्रोल रूम स्थापित किया

*बिजली निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि वर्षा के दौरान बिजली की सप्लाई से करंट आदि लगने की कोई घटना न हो इस ओर विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। ढीली पड़ी तारों को तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूलों में व महिला एवं बाल विकास अधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों में यह देखें कि पानी का जमाव न हो। पुरानी बिल्डिंग में बच्चों को न बैठाया जाए ताकि किसी हादसे की संभावना न रहे। सिंचाई विभाग को मारकंडा, बेगना तथा रूण नदी से भूमि कटाव को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने और प्रबंध करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि बरसात के मौसम में संभावित बाढ़ एवं जलभराव से निपटने के लिए तहसील कार्यालय में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।*

## नुकसान की भरपाई के लिए खुलेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

- डीसी ने बताया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में पंपों के जरिए की जा रही है पानी की निकासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नदियों का जल स्तर अब लगातार घट रहा है। स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी के इंडस्ट्रियल एरिया, विकास पुरी व सोनिया कॉलोनी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में पंपों क माध्यम से पानी निकासी का कार्य तीव्रता से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू विभाग की पांच बोट्स के माध्यम से जहां पर भी जल भराव में लोग फंसे थे उन्हें वहां से रेस्क्यू करने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ व आर्मी की आवश्यकता नहीं पडी है। एसडीआरएफ की टीमें व जिला प्रशासन की टीमें लगातार यह कार्य कर रही हैं। जिले में घरों में नुकसान, खेतों में पानी व अन्य नुकसान से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन किया जा सके। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा वित्तायुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पोर्टल खोलने के लिए आग्रह भी किया गया है।

### मुआवजा दिलवाएंगे

उपायुक्त ने स्पष्ट किया जल भराव के चलते जो भी नुकसान है उसकी अदायगी ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के आंकलन के माध्यम से ही की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी कहा कि ऐसे समय में कुछ असामाजिक तत्व मुआवजे दिलवाने हेतू दस्तावेज भी एकत्रित करने का कार्य कर सकते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें, सचेत रहें, किसी के बहकावे न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलता है उसकी सूचना दे दी जाएगी। क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार आंकलन करवाते हुए मुआवजा दिलवाया जाएगा। रेडक्रॉस व एनजीओज के सहयोग से लगभग तीन हजार लोगों को भोजन सामग्री उपलब्ध करवाई गई है।

## कांग्रेस विधायक ने लिया जायजा

- बरसात की वजह से भूंडमाजरी में भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

बरसात की वजह से गांव भूंडमाजरी के लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। मुख्य शहर से निकलने वाले नाले की उचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण कई घरों में पानी भर गया, जिससे आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस विधायक शैली चौधरी शुक्रवार को मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नाले को दुरुस्त कर उसकी निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


शहजादपुर। बरसात से गिरे मकान का जायजा लेती विधायक शैली चौधरी।

### सरकार से मुआवजा दिलवाएंगे

*बरसात की वजह से यहां के शिव कुमार का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संबंध में विधायक शैली चौधरी ने कहा कि सरकार को पत्र लिखकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास किए जाएंगे। चौधरी ने कहा कि समय समय विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई जाती है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात और जलभराव के कारण जिन लोगों का नुकसान हुआ है उसके लिए भी सरकार से मुआवजा दिलावाने का प्रयास किया जाएगा।*

## कस्बे में जलभराव के लिए प्रशासन जिम्मेदार

- सांसद वरूण चौधरी ने कस्बे का किया मुआयना, लोगों की समस्याएं भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बरसात की वजह से हुए जलभराव का सांसद वरुण चौधरी ने शुक्रवार को क्षेत्र का दौरा किया। स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। दोपहर के समय सांसद बस स्टैंड के पास बने 'महाराजा रणजीत सिंह चौक' पहुंचे। यहां बारिश का पानी भर जाने से आमजन को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि कस्बे की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बरसात के दिनों में यहां पहाड़ी क्षेत्रों से पानी आता है। यह पानी नालों और पुलियों के जरिए बहकर निकलता है। लेकिन समय पर इन नालों और पुलियों की सफाई न होने के कारण पानी रुक जाता है। निचले क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह समस्या कोई नई नहीं है बल्कि यह हर साल बरसात के मौसम में होता है।


बराड़ा। जलभराव के दौरान लोगों के साथ मौजूद सांसद वरूण चौधरी। फोटो: हरिभूमि

### प्रशासन की लापरवाही पर उठाए सवाल

चौधरी ने सरकार और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन को पहले से पता है कि कस्बे में बरसाती सीजन के दौरान पहाड़ी पानी आता है तो फिर क्यों नालों और पुलियों की सफाई समय रहते नहीं की गई।

## मुस्लिम समाज ने निकाली शोभायात्रा

- पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं-आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुरानी सब्जी मंडी स्थित दरगाह हजरत साई तवक्कलशाह मस्जिद से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्यातिथि मेराज आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में मुस्लिम के लोगों ने शिरकत की। मेराज आलम ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगो को जश्ने-ईद मिलाद उल-नबी की शुभकामनाएं दी। कपड़ा मार्किट, अग्रसेन चौक, कचहरी चौक से होते हुए बादशाही मस्जिद रणजीत नगर पहुंची।


अंबाला। शोभायात्रा में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग। फोटो: हरिभूमि

### करीम के पैगाम पर अमल करने की अपील

उलमा ने नबी-ए- करीम के पैगाम पर अमल करने की अपील की। इस अवसर पर कमेटी के मुख्य पदाधिकारी कलीम अशरफ, मोहम्मद नूर आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, मासूम रजा, वसीम रजा, रहमतअली, मोहम्मद उवैश, मोहम्मद शान, अरशद अली, मोहम्मद दानिश, हामिद, मो.शाकिर, हाफिज इरफान, इसरार, इमरान खान, मौलाना फुरकान, आरिफ, ताजीम, अनवर, अमीन, शमीम, आरिश, सद्दाम, अली, हसनैन, दिलावर, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, सब्बीर खान, बब्लू, फारुख, नौशाद, इशाक , इलियास ने सभी को मुबारक दी।

**कार्यक्रम** बैंड की धुनों पर जमकर नाचे श्रद्धालु,पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने की पूजा अर्चना

नौरंगराय तालब में भगवान वामन को करवाई जल परिक्रमा

# भगवान वामन के हिंडोलों पर ड्रोन से हुई फूलों की बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने शुक्रवार को प्रसिद्ध वामन द्वादशी मेले के अंतिम दिन धार्मिक समारोह विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर भगवान वामन का एक प्रतिरूप प्राण प्रतिष्ठा के रूप में यहां पर मूर्ति के रूप में स्थापित किया गया है। यह मूर्ति वहां स्थापित की गई हैं जहां पर हर वर्ष हिडोंले विराजमान होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान वामन की इस मूर्ति के रूप में श्रद्धालु पूरे वर्ष अपने अराध्य के दर्शन कर सकते हैं। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री भी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान भगवान वामन के हिंडोलों पर ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा भी की गई। भगवान वामन की जय के नारों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। मेले के समापन अवसर पर वामन भगवान के हिंडोले नौरंगराय सरोवर पहुंचे। उन्हें जल परिक्रमा करवाई गई। इससे पहले भगवान वामन के प्रकट दिवस अवसर पर नगर में शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया।



अंबाला। भगवान वामन का रूप धारण करने वाले कलाकार से आशीर्वाद लेते पूर्व मंत्री व हिंडोले को ले जाते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### दिखाया हुनर

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न जगहों से आए बैंड बाजों ने भजन गीतों के माध्यम से अपनी छठा बिखेरने का काम किया। ताश पार्टी ने भी अपना हुनर दिखाया। शोभा यात्रा के दौरान जिया बैंड दिल्ली, अशोक बैंड, बालाजी बैंड, न्यू कमल बैंड, भारत बैंड, महादेव बैंड व आजाद बैंड के साथ-साथ अन्य बैंडों ने अपने बैंड की धुनों के माध्यम से भगवान वामन की महिमा का गुणगान भी किया।